अनदेखी | जनजातीय विभाग में नहीं हो रही प्रथम अपीलों की सुनवाई

# आरटीआई नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

**अनूपपुर, नवभारत 24 जून।** सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत आम नागरिकों को समयबद्ध और पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराने का प्रावधान है, लेकिन जनजातीय कार्य विभाग में इस कानून की खुलेआम अनदेखी किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। विभागीय लापरवाही और बाबूशाही के रवैये के कारण आवेदकों को न तो समय पर जानकारी मिल पा रही है और न ही उनकी प्रथम अपीलों का नियमानुसार निराकरण हो रहा है।

जानकारी के अनुसार एक मामले में प्रथम अपील अधिकारी के समक्ष अपील दर्ज हुए दो माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हो सकी है, जबकि आरटीआई अधिनियम के तहत प्रथम अपील




का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाना अनिवार्य है।

### बाबूशाही के चलते अटकी अपीलें

सूत्रों का कहना है कि विभाग में पदस्थ एक बाबू द्वारा फाइलों को लंबे समय तक दबाकर रखने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। लोक सूचना अधिकारी से जानकारी नहीं मिलने पर जब आवेदक प्रथम अपील अधिकारी के पास पहुंचते हैं, तब भी उनकी अपीलों की फाइलें आगे नहीं बढ़ाई जातीं। परिणामस्वरूप सुनवाई की प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो पाती और आवेदकों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

### लगातार टालमटोल किया जाता है

आवेदकों का आरोप है कि उन्हें सही जानकारी देने के बजाय लगातार टालमटोल किया जाता है। कई मामलों में अपील की स्थिति तक स्पष्ट नहीं बताई जाती, जिससे लोगों में विभाग के प्रति असंतोष बढ़ता जा रहा है।

### नियमों का पालन नहीं करने का आरोप

आरटीआई अधिनियम की धारा 19(1) के तहत यदि निर्धारित समय में जानकारी प्राप्त नहीं होती है तो आवेदक प्रथम अपील कर सकता है। वहीं प्रथम अपील का निराकरण निर्धारित अवधि के भीतर किया जाना आवश्यक है। इसके बावजूद जनजातीय कार्य विभाग में नियमों का पालन नहीं होने के आरोप लग रहे हैं।

### जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर उठ रहे सवाल

मामले को लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है, यदि अपीलें समय पर प्रस्तुत और निस्तारित नहीं हो रही हैं तो इसकी जवाबदेही तय होना आवश्यक है। आवेदकों ने मांग की है कि लंबित प्रकरणों की शीघ्र सुनवाई कर दोषी कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाए, ताकि आम नागरिकों को आरटीआई के तहत मिलने वाले अधिकारों का लाभ समय पर मिल सके।

## 28 से 30 जून तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में आगामी 28 से 30 जून तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के सफल संचालन तथा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों तक पोलियो की खुराक पहुंचाने के लिए की गई व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीईओ अर्चना कुमारी ने कहा कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पल्स पोलियो टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने मॉनिटरिंग अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों तथा मैदानी कार्यकर्ताओं को अभियान के दौरान पूरी जिम्मेदारी और सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी दल सदस्य समर्पण और कर्मठता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा घर-घर पहुंचकर प्रत्येक पात्र बच्चे को पोलियो की खुराक दिलाना सुनिश्चित करें।



# जल संरक्षण में जिले ने हासिल की उल्लेखनीय प्रगति

**3245 खेत तालाब, 452 डगवेल रिचार्ज एवं वाटरशेड प्रबंधन के सभी 24 कार्य पूर्ण**

**अनूपपुर, नवभारत 24 जून।** राज्य शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अनूपपुर जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्जीवन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण किए जा रहे हैं। अभियान के तहत भू-जल स्तर में वृद्धि, वर्षा जल संरक्षण तथा सिंचाई क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न श्रेणियों के कार्य निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पूरे किए गए हैं। पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए स्वीकृत 455 डगवेल रिचार्ज (कुआं पुनर्भरण) कार्यों में से 452 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, जो कुल लक्ष्य का लगभग 99 प्रतिशत है।

### 3,245 तालाबों का निर्माण पूर्ण हो चुका

इसी प्रकार किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने और वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत 3,691 खेत तालाबों में से 3,245 तालाबों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इन तालाबों से खरीफ एवं रबी फसलों के लिए स्थानीय स्तर पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि की संभावना है। जल संरचनाओं के रख-रखाव एवं संवर्धन के क्षेत्र में भी जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वाटरशेड प्रबंधन के सभी 24 कार्यों को पूर्ण कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

# महिला से छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया था**

**अनूपपुर, नवभारत।** महिला सुरक्षा के प्रति गंभीरता दिखाते हुए कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने महिला के साथ छेड़खानी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र की 27 वर्षीय महिला ने 23 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम लगभग 4 से 5 बजे के बीच वह घर पर अकेली थी।

इसी दौरान ग्राम औढेरा निवासी नीरज यादव उसके घर पहुंचा और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी का प्रयास किया। महिला द्वारा विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

### एससी-एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज

महिला की शिकायत पर थाना कोतवाली अनूपपुर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला कायम किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी नीरज यादव को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## मास्टर वॉलिंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**अनूपपुर, नवभारत।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय मास्टर वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मास्टर वॉलिंटियर्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की सीईओ अर्चना कुमारी ने नशा मुक्ति के लिए व्यापक एवं सघन प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने उपस्थित मास्टर वॉलिंटियर्स से नशे से प्रभावित लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें नया जीवन प्रदान करने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया।

# युवा रानी दुर्गावती के आदर्शों को जीवन में उतारे

**वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर गोंडवाना समाज ने दी श्रद्धांजलि**

**कोतमा नवभारत 24 जून।** कोतमा ब्लॉक अंतर्गत शौर्य और साहस की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस क्षेत्र में अत्यंत श्रद्धा और गौरव के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विभिन्न ग्रामों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके देश और समाज के प्रति दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया गया।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश सदस्य देवशरण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के ग्राम बैहटोला, कोरजा, गोहंड्रा और मनमारी में विशेष श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के दौरान वीरांगना रानी



दुर्गावती की प्रतिमा स्थापित की गई, जिसके बाद उपस्थितों ने दीप प्रज्वलित कर और फूल-मालाएं अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में बीरन सिंह आर्मो जिला अध्यक्ष, अखिल गोंडवाना महासभा, देवनाथ सिंह जनपद सदस्य, सूरज सिंह सरपंच, कृष्णपाल सिंह सरपंच, कंचन सिंह सरपंच, दुर्गा सिंह कोर्राम, चंद्रिका मरकाम, लखन सिंह, पंकज सिंह, प्रदीप सिंह, सूर्या सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जीवन चरित्र पर डाला गया प्रकाश

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने रानी दुर्गावती के जीवन संघर्ष, उनकी कुशल प्रशासनिक क्षमता और मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान पर आधारित विचार रखे। वक्ताओं ने युवाओं से रानी दुर्गावती के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने और समाज व राष्ट्र हित में कार्य करने का आह्वान किया।


## एक नजर में



### आर्यिका विमलमति माता ससंघ का अमरकंटक की ओर मंगल विहार

**कोतमा नवभारत 24 जून।** संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव 108 श्री विद्यासागर महामुनिराज की परम प्रभावक शिष्या, आर्यिका रत्न 105 विमलमति माता का ससंघ मंगल विहार बुधवार दोपहर 3:30 बजे कोतमा से हुआ। जैसे ही माता के विहार की सूचना मिली, पूरा कोतमा जैन समाज भक्ति-भाव से उमड़ पड़ा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नम आंखों और जयकारों के साथ साध्वियों को मंगल विदाई दी। माताी ससंघ का यह विहार कोतमा से जमुना, जैतहरी होते हुए पवित्र तीर्थ क्षेत्र अमरकंटक की ओर हो रहा है। बुधवार का रात्रि विश्राम आरोग्य धाम, जमुना कॉलरी (परासी) में निश्चित हुआ है।

**रात्रि विश्राम की व्यवस्थाएं की गईं**-विहार के दौरान 'आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की जय' और 'आर्यिका विमलमति माता की जय' के गगनभेदी जयकारों से पूरा मार्ग गुंजायमान रहा। कोतमा जैन समाज के सैकड़ों अनुयायी माता के साथ पदविहार करते हुए जमुना कॉलरी तक चल रहे हैं। स्थानीय जैन समाज द्वारा आरोग्य धाम में ससंघ की अगवानी और रात्रि विश्राम की व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।



### नप बैठकों के लिए मनोज सिंह बने सांसद प्रतिनिधि

**राजनगर, नवभारत।** शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने नगर परिषद बनगवां (राजनगर) की प्रशासनिक एवं विकास संबंधी बैठकों में अपने प्रतिनिधित्व के लिए मनोज सिंह को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस संबंध में सांसद द्वारा जिला प्रशासन को आधिकारिक पत्र जारी कर नियुक्ति की जानकारी दी गई है। जारी पत्र के अनुसार नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र की विभिन्न बैठकों में यदि सांसद हिमाद्री सिंह किसी कारणवश स्वयं उपस्थित नहीं हो पाती हैं, तो उनके अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में मनोज सिंह बैठक में शामिल होंगे। वे परिषद की बैठकों में सांसद का पक्ष रखेंगे तथा क्षेत्र की समस्याओं, जनहित से जुड़े मुद्दों और विकास कार्यों के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं जानकारी प्रस्तुत करेंगे। नियुक्ति के बाद मनोज सिंह ने सांसद हिमाद्री सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

वर्षों का कार्यकाल रहा बेमिसाल, विकास कार्यों को मिली नई गति

# सीएमओ प्रदीप झारिया का सिहोरा स्थानांतरण

**कोतमा नवभारत 24 जून।** नगर पालिका कोतमा में लगभग चार वर्षों तक मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले प्रदीप झारिया का स्थानांतरण अब सिहोरा नगर पालिका के लिए हो गया है।

19 अप्रैल 2022 को कोतमा में पदभार ग्रहण करने के बाद से लेकर अपनी रवानगी तक, उनका कार्यकाल नगर के विकास और व्यवस्थाओं के लिहाज से अत्यंत शानदार और ऐतिहासिक रहा। श्री झारिया न केवल एक कुशल प्रशासनिक अधिकारी के रूप में जाने गए, बल्कि नगर



पालिका के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के बीच उनका मिलनसार और सहयोगात्मक व्यवहार हमेशा चर्चा का विषय रहा।

### एक टीम की तरह कार्य किया

उन्होंने हर छोटे-बड़े कर्मचारी को साथ लेकर एक टीम की तरह कार्य किया, जिससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिला। उन्होंने समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ कदम से कदम मिलाकर नगर के विकास का खाका तैयार किया और उसे अमलीजामा पहनाया।

## राष्ट्रपति ने सैंजली को किया दीक्षांत समारोह में सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एम.ए. राजनीति विज्ञान में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर सैंजली नायक को दो स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इस उपलब्धि पर सैंजली ने नवभारत को बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों दो स्वर्ण पदक प्राप्त कर वह अत्यंत गौरवान्वित हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके माता-पिता संजीव नायक एवं सीमा नायक के सहयोग, आशीर्वाद और विश्वास का परिणाम है। वह हवाबाग महाविद्यालय और डॉ. जयश्री दीक्षित की आभारी हैं।

# कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्याओं का समाधान



**रेलवे मजदूर कांग्रेस की पहल रंग लाई**

**अनूपपुर, नवभारत 24 जून।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस की पहल पर बिलासपुर मंडल के रेल कर्मचारियों की वेतन एवं भत्तों से जुड़ी विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह निर्णय वर्ष 2026 की द्वितीय नॉन पेमेंट मीटिंग में लिया गया, जो 23 जून को कार्मिक विभाग बिलासपुर के बैडक हॉल में आयोजित हुई।

बैठक वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. अंशुमन मिश्रा के निर्देशानुसार मंडल कार्मिक अधिकारी यू.एस. राव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सहायक कार्मिक अधिकारी भास्कर गुहा, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक सुमित्रा पाल तथा कार्मिक विभाग के बिल क्लर्क उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं पीएनएम सेल के कार्यालय अधीक्षक रमना मूर्ति द्वारा की गईं। रेलवे मजदूर कांग्रेस की ओर से मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री शुभम उपाध्याय, डीओबी शाखा सचिव राना नंदी एवं सहायक सचिव इरफान खान ने भाग लिया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का 30 तक होगा आयोजन

**अनूपपुर, नवभारत।** राज्य शासन की दिशा- निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान 2026 का आयोजन 5 जून से 30 सितंबर के मध्य किए जाने के निर्देश के परिपेक्ष में जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने सहायक संचालक उद्यानिकी जिला- अनूपपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने अभियान के संबंध में जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सभी ग्राम पंचायत स्तर पर पौधरोपण कार्य योजना तैयार



करने तथा पंचायत भवन, विद्यालय, आंगनबाड़ी, सार्वजनिक स्थल, अमृत सरोवर, सामुदायिक भूमि एवं अन्य उपयुक्त स्थान का चयन करने पौधरोपण हेतु स्थानीय एवं देसी प्रजातियां जैसे नीम, पीपल, बरगद, आम, जामुन, आंवला, महुआ आदि को प्राथमिकता देने तथा पौधारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने व रोपित पौधों की सुरक्षा, सिंचाई एवं नियमित देखभाल की व्यवस्था, प्रत्येक रोपित पौधों का फोटो एवं आवश्यक जानकारी मेरी लाइफ (अंकुर) ऐप पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।




# मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व के प्रयास जरूरी : पंचोली

**कलेक्टर ने सर्प मित्रों को किया सम्मानित, वितरित की आधुनिक स्नेक किट**

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में सर्पदंश की घटनाओं को कम करने, अंधविश्वास के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा मानव और वन्यजीवों के सुरक्षित सह-अस्तित्व को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में सक्रिय सर्प मित्रों (स्नेक कैचर्स) के सम्मान एवं स्नेक किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए सर्प मित्रों को सुरक्षित रेस्क्यू कार्यों के लिए आधुनिक उपकरणों से युक्त स्नेक किट प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि सांप पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी अहम भूमिका है।

### जागरूकता की कमी से लोग सांपों को देखते ही मार देते हैं

उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी और भय के कारण लोग अक्सर सांपों को देखते ही मार देते हैं, जबकि इस सोच में बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए भविष्य में प्रत्येक गांव में एक सर्प प्रहरी तैयार करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

### जिले के वनों में दुर्लभ सर्पों की कई प्रजातियां मौजूद हैं

कलेक्टर ने अमरकंटक क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि जिले के वनों में विषैले और दुर्लभ सर्पों की कई प्रजातियां पाई जाती हैं। ऐसे में वन विभाग और सर्प मित्रों के बीच बेहतर समन्वय मानव और वन्यजीवों के सुरक्षित सह-अस्तित्व के लिए आवश्यक है।

अभियान | शिक्षा व्यवस्था व बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ आज होगा जिला स्तरीय युवा संवाद

# जिला कांग्रेस चलाएगी छात्रों की गूंज अभियान

**अनूपपुर, नवभारत 24 जून।** कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान छात्रों की गूंज के तहत बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी नेताओं ने देश की शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं, पेपर लीक की घटनाओं और बढ़ती बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था युवाओं को अवसर देने के बजाय उन्हें निराशा और असुरक्षा की ओर धकेल रही है। साथ ही उन्होंने 25 जून को जिले में आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की रूपरेखा भी साझा की।



### छात्रों और अभिभावकों की आवाज बनेगा अभियान : गुड्डू

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्याम कुमार उर्फ गुड्डू चौहान ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कोटा से शुरू किए गए 'छात्रों की गूंज' अभियान का उद्देश्य देशभर के छात्रों और अभिभावकों की समस्याओं, सुझावों और अनुभवों को एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में छात्र और अभिभावक दोनों ही शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

### पेपर लीक की घटनाओं ने झकझोर दिया

उन्होंने कहा कि लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दूसरी ओर सरकारी स्कूलों की संख्या और संसाधनों में कमी तथा निजी शिक्षण संस्थानों की बढ़ती फीस ने मध्यम वर्गीय और गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है।

### शिक्षा व्यवस्था 'रिजेक्शन सिस्टम' बन गई : सिंह

पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि देश की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था अब चयन की बजाय असफल घोषित करने की व्यवस्था बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी, नीट, जेईई, एसएससी और रेलवे जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में हर वर्ष लाखों छात्र शामिल होते हैं, लेकिन सीमित अवसरों के कारण बहुत कम विद्यार्थियों को सफलता मिल पाती है।